बिहार विधान परिषद् दैनन्दिनी, 2013 एवं दूरभाष निर्देशिका 2013 के मुद्रण के संबंध में प्राक्कलन

1. निविदा के कवर पर संस्थान का नाम एवं दूरभाष संख्या रहना चाहिए।
2. निविदादाता संस्थान बिहार राज्य वैट/वाणिज्य कर निबंधन प्रमाण के साथ अद्यतन आयकर चुकता प्रमाण पत्र निविदा में संलग्न करें।
3. दैनन्दिनी एवं दूरभाष निदेशिका की संख्या 2000+ 2000 होगी। दैनन्दिनी की पृष्ठों की संख्या 560 अनुमानित है। इसका आकार 24 x 18 से.मी. होगी। नमूना का निरीक्षण निश्चित रूप से प्राक्कलनदाता संस्थान कर लें।
4. दैनन्दिनी एवं दूरभाष निदेशिका का मुद्रण मैपलिथो पेपर 80 जी.एस.एम. पर, कवर आर्ट पेपर 130 जी.एस.एम., अंदर के पृष्ठों पर 5-6 फोटो लगेंगे एवं हार्डबोर्ड वाइंडिंग होगा।
5. निविदा में प्रति अदद मूल्य कर सहित स्पष्ट रूप से अंकित करना होगा। एक से अधिक दर पर विचार नहीं होगा।
6. दैनन्दिनी एवं दूरभाष निर्देशिका चयनित नमूना के अनुरूप रहना चाहिए। मुद्रण में अशुद्धि/त्रुटि/अस्पष्टता/कमजोर वाईंडिंग गुणवत्ता में कमी, ससमय आपूर्ति में विफलता की स्थिति में भुगतेय राशि में यथोचित कटौती कर ली जाएगी।
7. सभी प्राक्कलन सचिव, बिहार विधान परिषद् के नाम से देय होगा एवं उनके कार्यालय कक्ष में दिनांक 29.11.12 को 5.00 बजे अपराह्न खोला जाएगा जिसमें संस्थान के प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।
8. सभी अथवा किसी प्राक्कलन को बिना कारण बताए रद्द/अस्वीकृत करने का सर्वाधिकार सचिव, बिहार विधान परिषद् को होगा।

ह/-
22-11-12

(विश्वम्भर नाथ झा)
उप सचिव
बिहार विधान परिषद्